प्रेषक, संख्या- 1853 /15-17-89-63(45)/88

श्री एल0एस0 गौतम,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,
सेक्रेटरी,
सेन्ट्रल बोर्ड आफ सैकेण्डरी एजूकेशन,
2/19,सं0 बिहार अंसारी रोड,
दरियागंज,नई दिल्ली ।

शिक्षा अनुभाग-17 लखनऊ:दिनांक 1 जुलाई,1989

विषय:- रवनी पब्लिक स्कूल, डिबाई,बुलन्दशहर को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने के संबंध में ।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रवनी पब्लिक स्कूल, डिबाई, बुलन्दशहर को सेन्ट्रल बोर्ड आफ सैकेण्डरी एजूकेशन,नई दिल्ली से सम्बद्धता प्रदान किये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों/ शर्तों के अधीन आपत्ति नहीं है :-

<u>(क) सामान्य प्रतिबन्ध</u>

1- विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

2- विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान मेधावी और पिछड़े एवं निर्बल आय वर्ग के बच्चों के लिए सुरक्षित रखेंगे तथा उनसे उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद/ बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

3- इस संस्था को राज्य सरकार द्वारा कोई अनुदान नहीं दिया जायेगा।

4- संस्था के सभी अध्यापक/अध्यापिकायें प्रशिक्षित होंगे। संस्था के शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायताप्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान एवं अन्य भत्ते नहीं दिए जायेंगे ।

5- राज्य सरकार अथवा शिक्षा विभाग द्वारा जो भी आदेश निर्गत किए जायेंगे, उनका पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा ।

6- विद्यालय में अनुशासन तथा शिक्षा का स्तर उच्चकोटि का रखा जायगा ।

...2/-

[ख] विशेष प्रतिबन्ध

1- विद्यालय की प्रबन्ध समिति रजिस्टर्ड होगी तथा समय-समय पर नियमानुसार उसका नवीनीकरण भी कराया जायेगा ।

2- विद्यालय में प्रत्येक कक्षा व अनुभाग के लिए उचित आकार के कक्षा-कक्ष, दो वैकल्पिक विषय कक्ष, दो प्रयोगशाला कक्ष तथा चार प्रशासनिक कक्ष की व्यवस्था की जायेगी ।

3- कर्मचारियों की सेवा-शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें तत्समकक्ष अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा-निवृत्तिक लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे ।

4- विद्यालय का लेखा-जोखा निर्धारित प्रपत्रों/पंजिकाओं में रखा जायेगा ।

2- उक्त शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी समय उक्त शर्तों में से किसी भी शर्त का उल्लंघन होने पर राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त "अनापत्ति प्रमाण पत्र" वापस ले लिया जायेगा ।

भवदीय,

(एस०एल० गौतम)
संयुक्त सचिव।

संख्या-1853 (1)/15-17-89-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उ०प्र०, इलाहाबाद ।
2- क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक, मेरठ मण्डल, मेरठ ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक, बुलन्दशहर ।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय, उ०प्र०, लखनऊ ।
5- प्रबन्धक, रानी पब्लिक स्कूल, डिबाई, बुलन्दशहर ।

आज्ञा से,

(एस०एल० गौतम)
संयुक्त सचिव।